मेरा खाटू वाला ऐसा लखदातार है भजन लिरिक्स

मेरा खाटू वाला ऐसा लखदातार है,
जिनके चरणों में झुकता है ये संसार है,
मेरे श्याम ने मुझपर,
किया बड़ा उपकार है,
मेरा प्यार है वो दिलदार है,
मेरा खाटु वाला ऐसा लखदातार है।bd।

तर्ज – कब तक चुप बैठे।

हारे के सहारे तुमने,
हर हारे को है जिताया,
कभी मुश्किल घड़ी भी आई,
तूने अपना फर्ज निभाया,
तेरे दर पे नहीं है होती,
किसी की हार है,
मेरा प्यार है वो दिलदार है,
मेरा खाटु वाला ऐसा लखदातार है।bd।

किया ऐसा करिश्मा बाबा,
जिसको भक्तों ने माना,
दी ऐसी प्रीत जहाँ को,
सारे जग ने जिसको जाना,
श्याम श्याम ही करता है,
ये संसार है,
मेरा प्यार है वो दिलदार है,
मेरा खाटु वाला ऐसा लखदातार है।bd।

जो द्वारे तेरे आता,
वो तेरा ही हो जाता,
जो खाली झोली लाता,
वो झोली भर ले जाता,
कृपा से तेरी 'मधु' का खुश,
परिवार है,
मेरा प्यार है वो दिलदार है,
मेरा खाटु वाला ऐसा लखदातार है।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

मेरा खाटू वाला ऐसा लखदातार है,
जिनके चरणों में झुकता है ये संसार है,
मेरे श्याम ने मुझपर,
किया बड़ा उपकार है,
मेरा प्यार है वो दिलदार है,
मेरा खाटु वाला ऐसा लखदातार है।bd।

Singer & Lyricist – Madhu Kedia

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com